बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता

प्रधान महासचिव

मो० 7488601083

e-Mail : bvapatna@gmail.com

पत्रांक- ....39......... दिनांक- ....24-04-2020......

सेवा में,

सचिव महोदय,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय ः–पशुचिकित्सकों की नियमित नियुक्ति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबध में सादर निवेदन करना है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2004 के पश्चात् वर्ष 2017 में पशुचिकित्सकों की नियमित नियुक्ति हेतु विज्ञापान प्रकाशित किया गया था। विभाग में पशुचिकित्सकों की काफी कमी है, जिसका खामियाजा कहीं न कहीं राज्य के पशुपालकों को भी उठाना पड़ता है। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा भी सभी विभाग को प्रत्येक वर्ष नियमित नियुक्ति संबंधी दिशा–निर्देश दिये जाने के उपरांत भी वर्ष 2017 के बाद आज तक पशुचिकित्सकों की नियमित नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जा सका है।

अतः श्रीमान् से सादर अनुरोध है कि पशुचिकित्सकों की नियमित नियुक्ति के क्रम में तकनीकी आयोग को यथाशीघ्र विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु समुचित दिशा–निर्देश देने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

BMukta

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव